शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक / 821 /752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक **16/09/2023**

//अधिसूचना//

शैक्षणिक सत्र 2023–24 हेतु प्रवेश तिथि में वृद्धि बाबत अवर सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक एफ–17–95/2017/38–2 पार्ट–1 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 15.09.2023 द्वारा छात्रहित में सीट रिक्त रहने की स्थिति में प्रवेश हेतु प्राचार्य स्तर पर 20.09.2023 एवं कुलपति की अनुमति से दिनांक 27.09.2023 तक प्रवेश दिये जाने की अनुमति प्रदान की गई है।

उपरोक्त आदेश/पत्र के अनुक्रम में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित स्नातक एवं डिप्लोमा तथा एल–एल.बी., समस्त स्नातकोत्तर एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पूर्व निर्धारित पंचम चरण (Phase-V) में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने एवं प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि में वृद्धि की जाती है।

इसके अतिरिक्त पूर्व में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन कर चुके छात्र–छात्राओं को रिक्त सीट के विरूद्ध दिनांक 27.09.2023 तक नियमानुसार प्रवेश दिया जा सकता है।

जिन महाविद्यालयों में छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त अनुमति अनुसार नवीन पाठ्यक्रम/विषय प्रारंभ किया गया है अथवा पूर्व से संचालित पाठ्यक्रम/विषय में छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त अनुमति अनुसार सीट वृद्धि किया गया है, में भी उपरोक्तानुसार प्रवेश की अंतिम तिथि विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले छात्र–छात्राओं को रिक्त सीट के विरूद्ध दिनांक 27.09.2023 तक नियमानुसार प्रवेश दिया जा सकता है।

समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर प्रवेशित छात्र–छात्राओं की संख्यात्मक जानकारी एवं सूची विश्वविद्यालय में दिनांक 05.10.2023 तक प्रेषित करेंगे।

विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के संबंध में पूर्व में जारी किये गये दिशा निर्देश यथावत रहेंगे।

(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक /822 /752/अका./ऑनलाईन प्रवेश/2023 जगदलपुर, दिनांक **16/09/2023**

प्रतिलिपि :–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर,
02. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
03. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
04. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,
05. प्राचार्य, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,
06. कुलानुशासक/अधिष्ठाता छात्र कल्याण, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर
07. समस्त विभाग प्रमुख/समस्त विभागाध्यक्ष, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर
08. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर,

– की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (अकादमिक)
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

P.L.Ydv. Admission.2023-24/PG_72